


## कटरीना–विक्की की शादी पर कॉन्डम ब्रैंड ने शेयर किया मजेदार मेसेज

बॉलिवुड में इस समय सबसे ज्यादा कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी की चर्चा है। 9 दिसंबर को राजस्थान के सिक्स सेंस फोर्ट बरवाड़ा में होने जा रही इस शादी में कटरीना–विक्की की फैमिली के अलावा कुछ नजदीकी दोस्तों को ही इनवाइट किया गया है। इसके बाद से ही चर्चा है कि शादी में कौन–कौन शामिल होगा? इस बीच शादी में कुछ ही मेहमानों को बुलाए जाने पर एक कॉन्डम कंपनी ने सोशल मीडिया पर चुटकी ली है। दरअसल कॉन्डम बनाने वाले मशहूर ब्रैंड ड्यूरेक्स ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ लिखा गया है, प्रिय विक्की और कटरीना, अगर आपने हमें आमंत्रण नहीं दिया है तो आप पक्के तौर पर मजाक कर रहे हैं।इ यहां कंपनी ने विज्ञापन के जरिए कॉन्डम की जरूरत पर हल्के–फुल्के अंदाज में मेसेज देने का भी काम किया है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, इराद: शादी में शामिल होना। बता दें कि कटरीना और विक्की कौशल की मेहंदी, संगीत और हल्दी की रस्म के बाद इनकी शादी दोपहर 3:30 बदे होनी है। रॉयल तरीके से हो रही इस शादी में नेहा धूपिया, अंगद बेदी, कबीर खान और मिनी माथुर सहित केवल 120 लोगों को इनवाइट किया गया है।

## जेठालाल का गरबा देख अमिताभ बच्चन ने पकड़ा अपना सिर

सब टीवी चैनल पर आने वाले शो श्तारक मेहता का उल्टा चश्मा की स्टार कास्ट केबीसी 13 पहुंची। यहां अमिताभ बच्चन के साथ मस्ती और धमाल करती नजर आई। कौन बनेगा करोड़पति के शानदार शुक्रवार यानी 10 दिसंबर को आप ये एपिसोड देख पाएंगे, जहां जेठालाल और उनकी पूरी गोकुलधाम सोसाइटी दिखाई देगी। हालांकि इसका प्रोमो आ चुका है, जिसमें दिख रहा है कि कैसे अमिताभ बच्चन सोसाइटी की टोली के आते ही गरबा करने से परेशान हो जाते हैं। वीडियो में जैसे कि नजर आ रहा है कि जेठालाल उर्फ दिलीप जोशी पोपटलाल उर्फ श्याम पाठक, बापूजी उर्फ अमिताभ भट्ट समेत बाकी के स्टार इ़ठ० 13 के स्टेज पर आते हैं। अमिताभ बच्चन उन सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हैं। वहीं, टप्पू सेना उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेती है। लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण अमिताभ बच्चन उन सभी से एक गोला बनाने के लिए कहते हैं, जिससे वह सभी से पर्सनली मुलाकात कर सकें। इतने में ही सभी गोला बनाकर गरबा करने लग जाते हैं।


## अल्लू अर्जुन ने क्रू मेंबर्स को गिफ्ट में दीं सोने की अंगूठियां



साउथ फिल्मों के पॉप्युलर स्टार अल्लू अर्जुन इस वक्त अपनी फिल्म पुष्पा को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही रिलीज हुआ फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। फैंस से लेकर सिलेब्रिटीज पुष्पा में अल्लू अर्जुन की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब अल्लू अर्जुन कुछ ऐसा किया है कि उनकी फिल्म की टीम के साथ–साथ फैंस भी मुरीद हो गए हैं। दरअसल अल्लू अर्जुन ने फिल्म पुष्पा के क्रू मेंबर्स को 10–10 ग्राम की सोने की अंगूठियां गिफ्ट में दी हैं। साउथ फिल्मों के ट्रेड ऐनालिस्ट और लेखक Manobala Vijayabalan ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन इस बात से बहुत खुश थे कि फिल्म की शूटिंग बहुत ही आराम से पूरी हो गई। फिल्म में एक गाना भी है। मेकर्स चाहते थे कि गाने की शूटिंग जल्द से जल्द और अच्छे से पूरी हो जाए और जब ऐसा हो गया तो अल्लू अर्जुन खुशी से फूले नहीं समाए। इस स्पेशल सॉन्ग में ऐक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु नजर आएंगी। गाने में उनकी जोड़ी अल्लू अर्जुन के साथ है। सामंथा के करियर का यह पहला स्पेशल सॉन्ग है, जिसे जल्द ही रिलीज किया जाएगा।

# बॉलिवुड की इन रॉयल वेडिंग पर भी हुआ था करोड़ों का खर्चा

*बॉलिवुड हस्तियों की जिंदगी आम लोगों से बिल्कुल अलग तो होती ही है, साथ ही वे अपने जीवन को बहुत ही शानदार तरीके से जीते हैं। उनकी ये ठाठ–बाट से भरी लाइफ ग्रैंड और रॉयल वेडिंग में साफ तौर से झलकती है, जहां वो करोड़ों रुपये यूं ही बहा देते हैं। इंटरनेशनल डेस्टिनेशन हो या फिर शाही व्यंजन, डिजाइनर कपड़े, कस्टमाइज गिफ्ट और क्या नहीं! ये स्टार्स अपनी सपनों की शादी को भव्य बनाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ते हैं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**अनुष्का शर्मा-विराट कोहली**

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली अलग–अलग दुनिया से थे, लेकिन उनकी भव्य और शाही शादी को आज भी सब याद करते हैं। दोनों ही अपने–अपने क्षेत्र में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हस्तियों में से एक हैं। उनकी वेडिंग किसी ड्रीम से कम नहीं है। इस जोड़े ने इटली के 800 साल पुराने विला में एक–दूजे का हाथ थामा। रिपोर्ट्स की मानें तो शादी और हाई–प्रोफाइल रिसेप्शन को मिलाकर अनुष्का और विराट ने लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

**प्रियंका चोपड़ा-निक जोनस**

ग्रैंड वेडिंग सेरेमनी की बात हो रही है तो प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस का नाम आना लाजिमी है। एक शाही महल को वेडिंग वेन्यू में बदल दिया गया था। जबरदस्त आतिशबाजी, मंडप से लेकर लहंगा–शेरवानी, सब कुछ डिजाइनर और एक्सपेन्सिव। इस कपल की शादी का सेलिब्रेशन हफ्ते भर तक उम्मेद भवन पैलेस को बुक किया था, जहां संगीत, हल्दी सेरेमनी और दो रीति–रिवाज से शादी हुई। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका और निक ने अपनी भव्य शादी पर लगभग आधा मिलियन (यूएस) डॉलर खर्च किया था।

**दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह**

बॉलिवुड के पावर कपल रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण लेक कोमो की खूबसूरत लोकेशन पर परिणय सूत्र में बंधे थे। दोनों ने अपनी ग्रैंड वेडिंग सेरेमनी के लिए इटली में पूरा लग्जरी रिसॉर्ट बुक किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर और दीपिका ने इस महंगी शादी के लिए 77 करोड़ रुपये खर्च किए थे।



**कटरीना कैफ-विक्की कौशल**

इस समय कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शाही शादी चर्चा में है, जो राजस्थान में रॉयल तरीके से हो रही है। इस कपल ने 14वीं शताब्दी का किला बुक किया है और सिक्स सेंसेज फोर्ट, बरवाड़ा में ठहरने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। विक्की और कटरीना लग्जरी होटल के सबसे महंगे सुइट राजा मानसिंह में रुके हैं, जहां हर रात का कॉस्ट 7 लाख रुपये है। इसके अलावा इस जोड़े ने 15 अन्य सुइट बुक किए हैं, जिनकी कीमत 4 लाख रुपये है। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं भी हैं।

**ऐश्वर्या राय-अभिषेक बच्चन**

बॉलिवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बेटे और ऐक्टर अभिषेक बच्चन की शादी पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। अभिषेक और ऐश्वर्या की रॉयल वेडिंग भी खूब खर्चा किया गया था।

**शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा**

शिल्पा शेट्टी और बिजनेसमैन राज कुंद्रा की शादी श्टॉक ऑफ द टाउनश रही थी। रिपोर्ट्स की मानें तो शिल्पा ने जो साड़ी पहनी थी, उसकी कीमत 50 लाख रुपये थी। यही नहीं, उनकी ज्वैलरी की कीमत 3 करोड़ रुपये बताई जाती है।

**सोनम कपूर-आनंद आहूजा**

ऐक्ट्रेस सोनम कपूर और बिजनेसमैन आनंद आहूजा की शादी भी खूब चर्चा में रही थी। अपनी बेटी की शादी में अनिल कपूर ने करोड़ों रुपए खर्च किए थे।

# 4 की मासूम उम्र हो गया था दीया मिर्जा के पैरेंट्स का तलाक

*साल 2001 में श्रहना है तेरे दिल मेंश फिल्म से बॉलिवुड की दुनिया में कदम रखने वाली दीया मिर्जा की अपनी श्दुनियाश कई उतार–चढ़ाव से गुजरी है। वो इस समय जिस जिंदगी को जी रही हैं, उसे हासिल करने के लिए न सिर्फ संघर्ष करना पड़ा, बल्कि कई ऐसे दर्द भी सहने पड़े, जो कोई भी इंसान खुद की लाइफ में कभी नहीं चाहेगा। हालांकि, दीया ने कभी हार नहीं मानी और अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत आज वो सफलता के इस मुकाम पर हैं।*



**दीया के माता-पिता को हो गया था तलाक**

पर्यावरण से प्यार करने वाली दीया की निजी जिंदगी की बात करें तो उनके पिता का नाम फ्रैंक हैंड्रिच था और मां का नाम दीपा। जब दीया महज साढ़े चार साल की थीं, तब उनके माता–पिता का तलाक हो गया। इस रिश्ते के टूटने के बाद दीया की मां ने अहमद मिर्जा से शादी की।

**दोनों पिता को खो चुकी हैं दीया**

दीया ने 9 साल की उम्र में अपने बायोलॉजिकल पिता को खो दिया और जब वो 23 साल की थीं तब सौतेले पिता का भी निधन हो गया। सिर से पिता का साया उठने के बाद दीया काफी टूट गई थीं। उन्होंने एक बार इंटरव्यू में जिक्र किया था कि उनके स्टेप फादर बहुत अच्छे इंसान थे और उन्होंने जिंदगी की अहम सीख भी दी।

**नहीं टिक पाई दीया की पहली शादी**

दीया ने किसी तरह खुद को और अपनी मां को संभाला और आगे बढ़ीं। फिर उनकी जिंदगी में बिजनेसमैन साहिल संघा की एंट्री हुई। दोनों ने साल 2014 में शादी भी की, लेकिन ये रिश्ता लंबे समय तक टिक नहीं पाया और साल 2019 में दीया ने सेपरेशन की अनाउंसमेंट की।

**ऐक्ट्रेस ने चुना नया हमसफर**

साल 2021 में दीया ने वैभव रेखी के रूप में नए हमसफर को चुना। इसी साल ऐक्ट्रेस की लाइफ में एक और बड़ा बदलाव आया। उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम अव्यान रखा है। दीया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने खुशहाल जिंदगी के पल फैंस के साथ भी शेयर करती हैं।